सोमवार

10 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ

2



## छोटी खबरें

### दो चरवाहों के साथ चार दर्जन से अधिक मवेशी लापता

भागलपुर। जिले में रविवार को गंगा में डूबकर दो चरवाहा और 40-50 भैंस लापता हो गए। घटना बरारी स्थित विसर्जन घाट की है। जहां पशु चरवाहा 70 से ज्यादा भैंस को मंथ घाट से लेकर गंगा के उस पार लेकर जा रहे थे। गंगा में पहले से ड्रेजिंग जहाज लगा हुआ था और गंगा में तेज बहाव के कारण चरवाहे अनियन्त्रित हो गए। इसी बीच ड्रेजिंग जहाज भी आ गया जिसके जद में पशु और कुल आठ लोग आ गए। छह लोग किसी तरह तैरकर बाहर निकल गए। लेकिन हादसे में दो चरवाहा गंगा में डूब गए और 40 सर 50 भैंस भी गंगा में समा गया है । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बरारी थाना समेत कई थाना की पुलिस और भागलपुर के एसडीओ धनंजय कुमार मोके पर पहुंच कर एसडीआरएफ की टीम के दोबारा खोजबीन शुरू कर दी है। मौके पर कई पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

### कैमूर में सड़क हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत

**कैमूर।** जिले में ट्रक की चपेट में आकर एक शख्स की मौत हो गई। मृतक ट्रक का चालक सह मालिक था। घटना रविवार अहले सुबह समेकित चेकपोस्ट टोल प्लाजा की है। मृतक की पहचान शिवजग तिवारी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि चेकपोस्ट पर तैनात अतिरिक्त मजिस्ट्रेट और पुलिस बल ने अंडरलोड बालू लदे ट्रक का वजन कराने के लिए धर्म कांटा पर ले गए।

### रोहतास में मिला एक कोरोना संक्रमित मरीज

**रोहतास।** कोरोना संक्रमण की चौथी लहर थमने का बाद भी संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। गत 4 अक्टूबर को 2 नए पॉजिटिव मिले थे। उसके तीन दिन बाद फिर एक नया मरीज मिला है। वही शनिवार को पूर्व का एक संक्रमित मरीज स्वस्थ भी हुआ है। जिसके बाद जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 2 हो गयी है। विभाग के जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 1080 लोगों की जांच कराई गई।

# नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन के शौचालय में मिला बीएसएफ के जवान का शव

- पटना में ट्रेन के शौचालय घुसा था जवान, हार्ट अटैक से मौत की जताई जा रही संभावना
- सूचना मिलने पर बक्सर के लिए रवाना हुए परिजन

**केटी न्यूज/बक्सर**




बक्सर रेलवे स्टेशन पर रविवार की अहले सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब अप लाइन में जाने वाली नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में शौचालय में एक बीएसएफ के जवान का शव मिला। शव मिलने कील सूचना पर जीआरपी थाने की पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद मामले की जांच की गई। जीआरपी ने जावन के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुराना सदर अस्पताल भेजा। तत्पश्चात परिजनों को इसकी सूचना दी गई। मृतक की पहचान राजस्थान के कोटा निवासी रामकिशन सैनी के रूप में की गई। जो न्यू कूच विहार में पदस्थापित था। मामले में बताया जाता है कि बीएसएफ जवान राम किशन सैनी शनिवार की रात बंगाल के कूच विहार स्टेशन से आनंद विहार जाने के लिए नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के वेटिंग टिकट पर एस-7 में यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान जैसे ही ट्रेन पटना स्टेशन रूकी, तो वे शौचालय में गए। लेकिन वह काफी देर तक बाहर नहीं आए। जिसके बाद उक्त बॉगी में सफर कर रहे अन्य यात्रियों ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाया, लेकिन शौचालय के अंदर से किसी भी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

जिसके बाद यात्रियों को शक हुआ, तो उन्होंने इसकी सूचना स्कॉर्ट पार्टी को दी। स्कॉर्ट पार्टी ने भी दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। एस्कॉर्ट पार्टी ने मामले की सूचना कंट्रोल को दी। सूचना मिलने के बाद कंट्रोल ने जब जांच किया, तो ट्रेन आरा स्टेशन से आगे निकल चुकी थी। कंट्रोल ने इसकी सूचना बक्सर जीआरपी को दी। जिसकी सूचना पर जीआरपी थाने की पुलिस दो नंबर प्लेटफार्म पर जा पहुंची। जैसे ही ट्रेन आई रुकी तो जवानों ने गेट खोलने की कोशिश की, लेकिन नहीं खुला। इसके बाद जीआरपी के जवानों ने गेट खोला और देखा तो वह मृत अवस्था में पड़े हुए हैं। जवानों ने उनके शव को बक्सर स्टेशन पर उतारा और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस बीच शव की तलाशी ली गई, तो उनके पॉकेट से एक आईकार्ड और मोबाइल मिला। जिसमें बीएसएफ लिखा हुआ था। इसके बाद उन्होंने मोबाइल के माध्यम से इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। उधर, सूचना मिलने के बाद मृत जवान के परिजन कोटा से बक्सर के लिए रवाना हो गए। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को शवगृह में रख दिया है। वहीं, जीआरपी थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है। जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि कंट्रोल को सूचना मिली कि एक युवक शौचालय में अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। जैसे ही ट्रेन बक्सर में रुकी तो जांच किया गया तो युवक की मौत हो चुकी थी। प्रथम द्दष्टया में यह प्रतित हो रहा है कि जवान की हार्ड अटैक होने से हुई है।

## पार्टी अपने पूर्व निर्धारित एजेंडे पर ही काम करेगी : तेजस्वी



**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आज आरजेडी की अंदरूनी लड़ाई सतह पर आ गई। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने खुले मंच से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक पर गंभीर आरोप लगाए। मंत्री तेजप्रताप ने श्याम रजक पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए उन्हें आरएसएस का एजेंट तक बता दिया। इसके बाद तेजप्रताप यादव बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। इस पूरे प्रकरण पर तेजस्वी यादव ने पार्टी के नेताओं को मंच से संदेश दे दिया है कि पार्टी अपने पूर्व निर्धारित एजेंडे पर ही काम करेगी, पार्टी के लोग उसे चेंज करने की कोशिश न करें। तेजस्वी ने सीधे तौर पर कह दिया कि वे हर किसी को खुश नहीं रख सकते हैं।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि हो सकता है कि हम सबको खुश नहीं रख सकें, यह भी हो सकता है कि हम भी सभी से खुश नहीं हों, लेकिन हमारे सामने जो बड़ी चुनौती है उसमें पार्टी का हर कार्यकर्ता एक टीम मेंबर है। यह मायने नहीं रखता है कि किसी कौन पसंद है और पसंद नहीं है। सभी को एक साथ खुश नहीं रखा जा सकता है यह इंसान का नेचर है, इसको कोई बदल नहीं सकता है।

इस दौरान तेजस्वी ने हाथ जोड़कर कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों से अपील की कि वे पार्टी के एजेंडा को नहीं बदलने दें और पार्टी ने जो लक्ष्य निर्धारित किया है उससे नहीं भटकें। 2024 में पार्टी बड़ी लड़ाई लड़ने जा रही हैं, उसमें सभी के सहयोग की जरूरत है। आरजेडी देश को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। पार्टी में इस तरह की कोई भी बात होती है तो पूरा एजेंडा ही चेंज हो जाता है। हम जब विरोधियों के प्रति हमला कर रहे होते हैं तो अचानक हमें अपना बचाव करना पड़ जाता है।

# बढ़ती उम्र के कारण भ्रमित हो रहे हैं मुख्यमंत्री, कुछ भी दे रहे बयान : पीके

- भाजपा के बाद अब नीतीश कुमार और प्रशांत किशोर के बीच शुरू हुई जुबानी जंग
- पीके ने पहले भी रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्तियों को किया था ट्वीट
- यह था ट्वीट : 'तेरी सहायता से जय तो मैं अनायास पा जाऊंगा। आनेवाली मानवता को, लेकिन, क्या मुख दिखलाऊंगा?'

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के राजनीतिक गलियारे में इन दिनों जुबानी जंग का दौर चला रहा है। कभी राजद और भाजपा के बीच, तो कभी जदयू और भाजपा के बीच। प्रतिदिन इन दलों के वरीय नेता एक दूसरे पर बयानबाजी कर रहे हैं। कोई ट्वीट कर तो कोई मीडिया के माध्यम से लेकिन जुबानी जंग में कोई भी किसी से कम नहीं दिख रहा। ऐसे में अब राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके राजनीतिक सलाहकार रह चुके प्रशांत किशोर के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। हुआ कुछ यूं कि शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रशांत किशोर उर्फ पीके पर भाजपा के एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाते हुए टिप्पणी की थी। जिसका जवाब प्रशांत किशोर ने रविवार को देते हुए कहा कि अब नीतीश कुमार की उम्र हो गई है, जिसके कारण वो कुछ भी बोल रहे हैं। हालांकि, इसकी शुरूआत लगभग 24 दिन पहले ही हो चुकी थी। जब प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद एक ट्वीट किया था। उन्होंने ट्वीट किया, 'तेरी सहायता से जय तो मैं अनायास पा जाऊंगा। आनेवाली मानवता को, लेकिन, क्या मुख दिखलाऊंगा?' उक्त पंक्तियां रामधारी सिंह दिनकर की कविता की है। जो महाभारत में कर्ण और अश्वसेन के बीच का संवाद था। उनका उक्त ट्वीट काफी चचाओं में रहा था। लोगों ने उनके ट्वीटर पर काफी कमेंट्स किए थे। जिसमें लोगों ने इस ट्वीट के कई मायने निकाले थे।

**डरे हुए हैं नीतीश, अपने ही साथियों पर भरोसा नहीं :** खफा होने के तीनों मुद्दों पर प्रशांत किशोर ने जन सुराज पदयात्रा के दौरान एक वीडियो जारी किया। जिसमें पीके ने कहा कि बिहार की नई सरकार बनने के बाद से नीतीश को कुछ समझ नहीं आ रहा है। उनके साथ जो लोग हैं, आज उनके ऊपर भी नीतीश भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण नीतीश अब अकेले होने का डर सताने लगा है। पीके ने भाजपा के एजेंडे की बात पर कहा कि यदि वो भाजपा के एजेंडे पर काम कर रहे होते, तो कांग्रेस को मजबूत करने की बात क्यों करते?

दूसरी ओर, उनके कविता वाले ट्वीट की बात करें, तो कविता महाभारत में अर्जुन और कर्ण के युद्ध पर आधारित है। सर्प अश्वसेन जो सांपों के राजा है कर्ण के तरकश में रहता है। वो कर्ण से कहता है कि केवल मुझे धनुष पर चढ़ाकर छोड़ दो। मैं अर्जुन की हत्या कर दूंगा। इस पर कर्ण कहते हैं कि तुम्हारी सहायता से मैं जीत तो जाऊंगा, लेकिन आगे मानवता को क्या मुंह दिखाऊंगा। अब इस कविता के माध्यम से यह तो साफ हो गया है कि पीके ने खुद को कर्ण बताया है, लेकिन उन्होंने सर्प अश्वसेन के माध्यम से सांपों के राजा किसको कहा, यह चर्चा का विषय बन गया था।

### मुख्यमंत्री के इन बातों से खफा हुए प्रशांत किशोर

नीतीश कुमार और प्रशांत किशोर के बीच जुबानी जंग यह साफ दिखा रही है कि दोनों के बीच रिश्तों में खटास आ चुकी है। लेकिन, जानकारों का कहना है कि रिश्तों में खटास का मुख्य कारण नीतीश के द्वारा दिए जाने वाले बयान हैं। जिसमें नीतीश कुमार ने यह कहा था कि जब पीके उनके काम करते थे, तो वो मुख्यमंत्री आवास पर रहते थे, उनके साथ खाना-पीना उठना-बैठना करते थे। लेकिन, अब वह भाजपा के लिए काम रहे हैं। दूसरी टिप्पणी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि शायद पीके चाहते हैं कि केंद्र में कोई जगह मिल जाए। पीके से उनका कोई वास्ता नहीं है। नीतीश ने यहां तक कहा था कि उन्होंने पीके को कभी मिलने के लिए न्यौता नहीं दिया, वे खुद मिलने आते थे। तीसरी बात जो पीके को बुरी लगी वो यह है कि नीतीश ने शुक्रवार को कहा था कि एक मीटिंग में पीके ने उनको जदयू को कांग्रेस में मर्ज करने की सलाह दी थी। जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह कहीं से पॉलिटिकल व्यक्ति नहीं है। पीके को राजनीति की समझ नहीं है। अब वह भाजपा के एजेंडे पर काम कर रहे हैं और उनके लिए ही कैंपेन कर रहे हैं।

## छात्र से किया ऑनलाइन फर्जी वाड़ा, प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/रोहतास**

**रोहतास।** जिले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र से ऑन लाइन फजीर्वाड़ा का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एक द्वारा पे-फोन से गलत खते में पैसा ट्रांसफर हो गया। रोहतास पुलिस के साइबर सेल के कार्रवाई में अब पूरी राशि छात्र के खाते में वापस आ गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने रविवार को बताया कि सासाराम नगर थाना के बौलिया रोड के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र रीतेश कुमार के द्वारा दरोगा परीक्षा की तैयारी के लिए गत 12 सितंबर 2022 को कोचिंग संस्थान को 12 हजार रूपया फोन-पे के माध्यम से भेजा जा रहा था, परंतु भूलवश किसी और के खाते में राशि चली गई। पीड़ित द्वारा जब भेजे गए नंबर पर संपर्क किया गया तो उसके द्वारा पैसा वापस करने से इंकार कर दियस गया और खुद को रांची का रहने वाला बताया। पीड़ित द्वारा इस मामले की सूचना रोहतास पुलिस के साइबर सेल को 16 सितंबर 2022 को दी गई। उसपी ने बताया कि मामले में साइबर सेल को जलद कार्रवाई का निर्देश दिया गया। साइबर सेल द्वारा मामले की तकनीकी जांच प्रारंभ की गई। जिस नंबर पर पैसा भूलवश चला गया था, उसका डिटेल्स कंपनी से मंगाया गया। जिससे यह ज्ञात हुआ कि जिसके खाते में भूलवश राशि का ट्रांसफर हुआ है वह सासाराम का रहने वाला है। इसके बाद साइबर सेल की टीम ने उस व्यक्ति से संपर्क किया।

## बाइक और स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत, महिला जख्मी

**आरा।** जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सार सिवान और अबू लाल के इंग्लिश गांव के बीच रविवार की सुबह बाइक एवू स्कूटी में सीधी भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। मृत युवक बड़हरा प्रखंड के सिन्हा गांव निवासी स्व. जय मंगल बिंद का 25 वर्षीय पुत्र गुड्डू बिंद था। वहीं स्कूटी सवार जख्मी महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सार सिवान गांव निवासी अजय सिंह की 35 वषीर्या पत्नी सुनीता देवी है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक के मौसेरे भाई महावीर ने बताया कि रविवार की सुबह वह बाइक से अपने ससुराल कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव जा रहा था। वहीं स्कूटी पर सवार महिला अपने गांव से आरा की ओर आ रही थी। उसी बीच स्थानीय थाना क्षेत्र के सार सिवान और अबू लाल के इंग्लिश गांव के बीच दोनों की सीधी भिड़ंत हो गयी। उससे दोनों गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद कृष्णागढ़ थाने की गश्ती पुलिस द्वारा दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

## पति की पिटाई से पत्नी ने तोड़ा दम

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के अम्बेडकर नगर में जमीन अपने नाम करवाने को लेकर पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। घायल महिला की पहचान उसी मुहल्ला के मुरारी राठौर के 30 वर्षीय पत्नी प्रभा देवी के रूप में कि गई है। इसके बाद प्रभा देवी का इलाज सदर अस्पताल औरंगाबाद में कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। जानकारी अनुसार प्रभा ने अपनी मेहनत से शहर के कर्मा रोड स्थित अम्बेडकर नगर में अपना मकान बनाया है। इसमें रहकर वह अपने बाल बच्चों को पढ़ाई



करवाती है। क्योंकि उस महिला को ससुराल से कोई हिस्सा नहीं मिला है। इसी को लेकर पति मुरारी राठौर सारी सम्पति एवं जमीन अपने नाम करने को कहता है। जब महिला ने इसका विरोध किया तो रड से मारकर सिर फाड़ दिया एवं अंगुली तोड़ दिया। बताते चले कि प्रभा देवी बिहार के मशहूर गायक प्रमोद प्रेमी यादव के साथ कई संगीत एवं फिल्मों में काम कर चुकी है। जहां लोग इस महिला को चटनियां भउजी के नाम से जानते है। जिसने गोरखपुर में रहकर अपनी कलाकारी सीखी है और कलाकारा है। जिसने अपने हाथों पर प्रमोद प्रेमी का टैटू अपने हाथ पर बना रखा है।

## 104 पर डायल कर ले सकते हैं मानसिक स्वास्थ्य संबंधित परामर्श

- मेंटल हेल्थ इन एन अनएक्कुअल वर्ल्ड की थीम पर मनेगा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस
- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**



प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष मेंटल हेल्थ इन एन अनएकुअल वर्ल्ड को थीम के रूप में चुना गया है। कार्यक्रम को लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने सिविल सर्जन को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा आम जनमानस में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न गतिविधियों चिकित्सा परामर्श शिविर इत्यादि का आयोजन करने का निर्देश दिया है। तनावग्रस्त जीवनशैली एवं बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इसके प्रति जागरूकता पैदा करने और इससे बचने के उपायों पर विचार करने के उद्देश्य से पूरे विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जनमानस में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं चिकित्सकीय परामर्श शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान अस्पताल में आने वाले मरीजों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा विशेष रूप से उनकी काउंसिलिंग की जाएगी।

**मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी :** भागदौड़ भरी जिंदगी में अनियमित जीवनशैली के कारण थकान होना आम बात है। शरीर की थकान जब शारीरिक बीमारी का कारण बनती, तो हम दवाओं या अन्य उपायों के जरिए ठीक हो जाते हैं। वहीं, मानसिक थकान हमें मानसिक तौर पर बीमार कर सकती है। मानसिक तौर पर अस्वस्थ होने की ओर हमारा ध्यान नहीं जाता।

**बैनर पोस्टर के माध्यम से किया जायगा जागरूक :** इस मौके पर मानसिक तनाव से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य संस्थानों पर बैनर-पोस्टर, हैंडबील, पम्पलेट के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं, आमजनों को मानसिक तनाव से दूर रखने व इससे बचाव के लिए कई प्रयास किये जा रहे है।

## शहर छोटी खबरें

### दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग, तीन जख्मी

**आरा।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के महुआंव गांव में रविवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष द्वारा फायरिंग भी की गई। उसमें छर्रा लगने से एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। मारपीट में एक युवक चोटिल हो गया है। उस पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार भाला से हमला किया गया था। घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल बिहिया पीएचसी में कराया जा रहा है। घायलों में महुआंव गांव निवासी 60 वर्षीय विशेश्वर पांडेय, उनका भतीजा सोनू कुमार पांडेय और उसी गांव के हरिशंकर सिंह की 55 वर्षीया पत्नी तेतरी देवी शामिल है। तेतरी देवी और विशेश्वर पांडेय को छर्रा लगा है। गोलीबारी का आरोप गांव के ही बृजराज पांडेय उर्फ हाकीम पांडेय और उनके परिजनों पर लगा है। दोनों परिवार पट्टीदार है। सूचना मिलने पर बिहिया थानाध्यक्ष उदयभानु सिंह के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में जुट गयी। घटनास्थल से एक खोखा, रामी (खनती) और जाली सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा गोलीबारी करने वालों की धरपकड़ को लेकर तुरंत छापेमारी की गयी। लेकिन पकड़ में नहीं आ सके। सोनू कुमार पांडेय ने बताया कि उसके परिवार का चचेरे चाचा बृजराज पांडेय उर्फ हाकीम पांडेय से करीब 25 वर्षों से आठ कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**रोहतास।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करूप इंद्रहइयां गांव में रविवार को सांप काटने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि करूप इंद्रहईया गांव निवासी सरफाज अंसारी की पत्नी असगरी खातून अपने घर का कार्य कर रही थी। इसी दौरान अचानक सांप ने काट लिया। सांप काटने के बाद महिला छटपटाने के बाद अचेत अवस्था में पड़ गई। घर के अन्य सदस्यों ने महिला को सांप काटने की जानकारी मिली, तो उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल, सासाराम ले गए। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही सरफराज अंसारी के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ

- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सभी अचार्य लोगों को अपने हाथों दक्षिणा देकर की विदाई
- सांस्कृतिक कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर रातभर झूमे श्रद्धालु







**केटी न्यूज/बलिया**

श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे पांच दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति रविवार को भव्य तरीके से कर दी गई। यह यज्ञ बलिया जनपद के लिए ऐतिहासिक रहा लोग सदियों तक याद रखेंगे। पूणार्हुति को लेकर लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। दर्जनों की संख्या में आचार्य गणों के मंत्रोचार के बीच सैकड़ों की संख्या में यजवान एक साथ आहुति देकर यज्ञ की पूणार्हुति किये। पूणार्हुति के उपरांत हजारों की संख्या में आए साधु संतों को अन्न तथा वस्त्र देकर श्री जीयर स्वामी जी द्वारा विदाई दी गई। यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सभी अचार्य लोगों को अपने हाथों दक्षिणा देकर विदा किया। लाखों की संख्या में लोगों ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। भव्य बने प्रवचन मंच पर विराजमान सभी भारत के कोने-कोने से आए संत महात्माओं को श्री जियर स्वामी जी महाराज ने सम्मानित तरीके से विदाई दी। यज्ञ समिति के उप संरक्षक कमलेश सिंह ने पूणार्हुति पर आए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। यज्ञ स्थल के दोनों तरफ 10 किलोमीटर तक लंबी लाइन लगी रही। जिसे पुलिस बल के जवान तथा यज्ञ समिति के वोलेन्टियर संभालते रहे।

### सांस्कृतिक भजन समारोह में श्रोताओं ने लगाई डुबकी

की पूर्व संध्या पर रात भर सांस्कृतिक भजन समारोह में श्रोता गण डुबकी लगाते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भरत शर्मा ब्यास ने स्वामी जी पर बने गीत गाकर किया। तत्पश्चात मनोज तिवारी मृदुल, अंकुश राजा सहित दर्जनों कलाकारों ने लोगों को अपने भजन पर झुमाया। सभी आए कलाकारों का यज्ञ समिति की तरफ से भव्य स्वागत किया गया तथा स्वामी जी महाराज द्वारा खुद अपने से सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। मनोज तिवारी मृदुल ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि भारत के इतने बड़े संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन करने का हम सब को सौभाग्य मिला। पूरे भारत में स्वामी जी के करोड़ों शिष्य है हम सब स्वामी जी के दर्शन के लिए लालायित रहते हैं। धन्य है बलिया जनपद के लोग जिन्हें 4 महीने तक स्वामी जी के सानिध्य में प्रवचन सुनने का सौभाग्य मिला। भरत शर्मा व्यास ने कहा कि स्वामी जी के दर्शन मात्र से ही हम लोग धन्य हो जाते हैं। स्वामी जी के एक आदेश पर हम सब कहीं भी जुटने के लिए तैयार रहते हैं। यह हम सब का सौभाग्य है। अंकुश राजा ने स्वामी जी पर बने भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। लाखों की संख्या में लोगों ने प्रसाद लिया तथा भारत से आए सैकड़ों की संख्या में संतों का दर्शन किए।

### भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है

स्वामी जी महाराज ने कहा कि 84 लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद मानव योनि में आने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अतः मनुष्य को चाहिए कि मानव जीवन को अच्छे कर्म करके जीवन को सार्थक बनाएं। मनुष्य को सत्संग अवश्य करना चाहिए और भागवत कथा का श्रवण भी करते रहना चाहिए। भागवत कथा का श्रवण धरती पर ही संभव है यह स्वर्ग में भी नहीं सुनने को मिल पाता है। अतः जो व्यक्ति भाग्यशाली होता है कई जन्मों का पुण्य ईकट्ठा होता है तो भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। भागवत कथा मोक्ष का द्वार है। बीते रात तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा यज्ञ समिति के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता यज्ञ को सफल बनाने में लगे रहे। वहीं, माननीय कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ में पधार कर पूज्य स्वामी जी के दर्शन प्राप्त किए लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पूणार्हुति यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक एवं स्थानीय विधायक तथा परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री दयाशंकर सिंह जी के शुभ हाथों से वैदिक मंत्रोचार के बीच संपन्न हुई।

# भोजपुर में दिनदहाड़े आभूषण व्यवसायी से लूट, विरोध करने पर मारी गोली

- बाइक सवार तीन बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, लूट ले भागे ढाई लाख के जेवर

**केटी न्यूज/आरा**



जिले में गड़हनी-बागर पथ पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के चांदी नहर के पास रविवार की दोपहर हथियार के बल पर एक आभूषण व्यवसायी से करीब ढाई लाख के जेवर लूट लिया गया। विरोध करने पर बाइक सवार व्यवसायी को गोली भी मार दी गयी। गोली उनके पेट में मारी गयी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। जख्मी व्यवसायी सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बागर गांव निवासी भुनेश्वर सेठ का 40 वर्षीय पुत्र पिंटू सोनार है। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी जेवर और 500 रुपये छीन कर भलुआन की तरफ भाग गये। बदमाशों की संख्या तीन बतायी जा रही है। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। इधर, दिनदहाड़े लूट और जेवर व्यवसायी को गोली मारे जाने की सूचना से इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गयी। बाद में एसपी संजय कुमार सिंह और एसडीपीओ राहुल सिंह भी पहुंचे और अपने स्तर से जांच की। एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि पिंटू सोनार रविवार की दोपहर अपने जेवर लेकर चरपोखरी थाना क्षेत्र के करनौल गांव आया था। उसके बाद वह बाइक से चांदी गांव जा रहा था। तभी चांदी स्थित नहर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने घेर लिया और लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर उसे गोली मार दी। एसडीपीओ राहुल सिंह भी बताया कि करीब ढाई लाख के जेवर और पांच सौ रुपए छीने जाने की बात सामने आ रही है। मामले की छानबीन की जा रही है। अपराधियों की पहचान और धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

**गोली लगने के बाद भी अपराधियों का किया पीछाः** सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बागर गांव निवासी पिंटू सोनार की गांव में आभूषण की दुकान है। वह गांव-देहात में भी घूम घूमकर सोने-चांदी का जेवर बेचता है। रविवार को वह चरपोखरी थाने के करनौल गांव आया था। वहां से दोपहर करीब डेढ़ बजे वह चांदी की ओर जा रहा था। तभी अपराधियों ने उसे घेर लिया और लूटपाट की। विरोध करने पर गोली भी मार दी। हालांकि गोली लगने के बाद भी उसने हार नहीं मानी और बाइक से अपराधियों का पीछा किया। लेकिन, अपराधी भागने में सफल रहे।

## एक नजर

### कोरानसराय के वार्ड नंबर 14 में लाखों खर्च के बाद एक बूंद भी नहीं टपका पानी



**डुमरांव।** हर घर में स्वच्छ नल का जल पहुंचाना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। हर घर, नल का जल योजना को प्राथमिकता के आधार पहुंचाने की बात सरकारी स्तर पर कही जा रही है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के कार्य में भी सरकार के आंख में किस तरह धूल झोंक दी जाती है, इसकी एक बानगी कोरानसराय पंचायत के वार्ड नंबर चौदह स्थित दखिनांव डेरा में देखने को मिल रही है। यहां हर घर में स्वच्छ नल का जल पहुंचाने के नाम पर साढ़े सात लाख रुपए खर्च कर दिया गया, लेकिन एक बूंद पानी नहीं टपका। सबसे बड़ी बात तो यह है कि लाखों खर्च के बाद वर्षों से अधूरा पड़े इस गंभीर समस्या के प्रति आज तक किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हुआ। अधिकारी, कर्मचारी व प्रतिनिधि चूहे-बिल्ली का खेल खेल रहे हैं, और भू-जलस्तर नीचे चले जाने के बाद यहां की जनता पानी के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही हैं। यहां गुजर-बसर करने वाले ग्रामीणों का कहना है, कि बोरिंग कराने के बाद पतली गलियों को तहस-नहस कर हर घर पानी सप्लाई का कोरम पूरा किया गया, लेकिन आज तक इस बस्ती के लोगों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हुआ। जबकि विभाग के द्वारा कुल 11.5 लाख में 75 फीसदी राशि उस समय तत्कालीन वार्ड सदस्य गीता देवी के माध्यम से खर्च भी किया जा चुका है। ग्रामीणों में बादशाह ततवां, कमलावती देवी, हीरामुनी देवी, जीउत ततवां एवं हरिभजन यादव ने बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों से मिलकर शिकायत की गई लेकिन आज तक इस गंभीर समस्या की ओर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हुआ। नतीजतन इस मोहल्ले के लोगों के लिए हर घर, नल जल योजना छलावा साबित हो रहा है।

### रफ्तार का कहर: बेलगाम बस की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत

**आरा।** जिले में आरा-पटना हाईवे गीधा के समीप रविवार की शाम बेलगाम बस ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत महिला आरा टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज बिहार कॉलोनी निवासी सत्येंद्र कुमार की पत्नी अमृता देवी है। उनके पति पेशे से चिकित्सक बताये जा रहे हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि महिला रविवार की दोपहर अपने पति के साथ किसी रिश्तेदार के घर कोईलवर गई थी। शाम में दोनों पति-पत्नी बाइक से आरा लौट रहे थे। इसी क्रम में गीधा के समीप बेलगाम बस ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इससे महिला बाइक से गिर पड़ी। उसके बाद बस का पिछला चक्का महिला पर चढ़ गया। उसमें बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए धरहरा स्थित एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया। वहां से उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। इसी दरमियान उनकी मौत हो गई। उसके बाद परिजन शव को घर लेते आए। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

## ननिहाल आए स्कूली छात्र की पोखरा में पैर धोने के दौरान डूबने से मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना अंतर्गत बेलाउर सूर्य मंदिर स्थित पोखरे में रविवार की शाम डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच काफी देर तक अफरातफरी मची रही। मृत बच्चे की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव वार्ड नं. 8 निवासी सुनील कुमार के बेटे अंकित कुमार (9 वर्षीय पुत्र) था। वह तीसरी कक्षा का छात्र था। वह अपने नाना के घर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चकरदह गांव आया था। इस बीच रविवार को वह गांव के कुछ लड़कों के साथ मेला देखने बगल के गांव बेलाउर चला गया था। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृत बच्चे के नाना रविंद्र प्रसाद के अनुसार गत दिन उनकी बड़ी मां का देहांत हो गया था। उसे लेकर अंकित 28 सितंबर को उनके गांव चकरदह आया था। रविवार को वह गांव के बच्चों के साथ बेलाउर गांव के सूर्य मंदिर के पास मेला घूमने चला गया। उसी दौरान वह पोखरा के पास जाकर पैर व हाथ धोने लगा। तभी पैर फिसल गया और वह पोखरा में गिर पड़ा और डूब गया। उससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा घटना की सूचना दी गयी। इस पर वे लोग पहुंचे और उसके शव को पानी से बाहर निकाला। उसके बाद सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर सदर अस्पताल में छात्रों से की जा रही उगाही

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



बिहार के जहानाबाद में मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर सरेआम उगाही की जा रही है। बेरोजगार छात्रों से 300-300 रुपये वसूलने का धंधा चल रहा है। यह सब देखकर ऐसा प्रतित हो रहा है, मानो डॉक्टर व कर्मचारियों की लॉटरी सी लग गई है। वे सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर मनमाना पैसा मांग रहे हैं। दरअसल में पूरा मामला बिहार के जहानाबाद जिले के सबसे बड़े अस्पताल सदर अस्पताल का है। जहां कार्यरत डॉ. एके नंदा व उनके ड्राइवर मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर छात्रों से 300-300 रुपये की मांग की। छात्र भी अपना काम कराने के लिए पैसे देने को भी मजबूर हैं। बताया जाता है कि इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन को लेकर छात्रों को अन्य दस्तावेजों के साथ मेडिकल सर्टीफिकेट भी जमा कराना है। जिसे लेकर मेडिकल सर्टीफिकेट बनवाने के लिए अभ्यर्थी सदर हॉस्पिटल का चक्कर लगा रहे हैं। उनकी इस मजबूरी का फायदा सदर हॉस्पिटल के डॉक्टर उनके ड्राइवर उठा रहे हैं।

300 रुपये का रेट कर दिया है फिक्स : जहां जरूरत के हिसाब से सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे की मांग की जा रही है। छात्रों के अनुसार सदर अस्पताल के डॉ. एके नंदा इसके लिए 300 रुपये का रेट फिक्स कर दिया है। इस दौरान मेडिकल सर्टिफिकेट बनावाने आए मो दानिश एवं श्याम कुमार छात्रों ने मामले का पूरा खुलासा किया। उन्होंने ने सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. एके नंदा और उनके ड्राइवर लव कुमार पर संगीन आरोप लगाया।

## जहरीला पदार्थ खिलाकर विवाहिता की हत्या

- पति, देवर और सास सहित अन्य पर मारपीट करने का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा मोहल्ले में एक विवाहिता की मारपीट और जहरीली पदार्थ खिला कर हत्या कर दी गयी। रविवार की सुबह उसका शव बरामद किया गया। मृत विवाहिता अहिरपुरवा मोहल्ला निवासी रवि कुमार उर्फ बबलू की 28 वर्षीया पत्नी संध्या कुमारी थी। रवि कुमार बबलू कपड़ा व्यवसाई हैं। संध्या के भाई द्वारा ससुराल वालों पर घरेलू कलह में हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसे लेकर पति सहित सात लोगों के खिलाफ आवेदन दिया गया है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह व दारोगा विजय कुमार पहुंचे और मामले की छानबीन की। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। महिला के भाई संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि संध्या की शादी 2013 में हुई थी। उसके कुछ साल तक तो सब ठीक-ठाक रहा, लेकिन बाद में छोटी-छोटी बातों पर झगड़ होने लगा। उसके पति और ससुराल वालों द्वारा अक्सर झगड़ा किया जाता था और मारपीट की जाती थी। हाल में पति का बिजनेस ठप हो जाने के बाद उसे ज्यादा ही प्रताड़ित किया जाने लगा था। पति के अलावे सास, देवर और ननद द्वारा भी मारपीट की जाती थी। शनिवार की रात सूचना मिली कि उसकी बहन की मौत हो गयी है। इस पर वह उसके ससुराल पहुंचे, तो देखा कि उसकी बहन मृत अवस्था में पड़ी है। उसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इधर, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में भी मारपीट में जख्मी होने और जहरीला पदार्थ खिलाने के कारण मौत होने की आशंका जतायी गयी है।

## अरवल में आमद मरहबा के नारों के साथ निकाली गई जुलूस

# अकीकतमंदों ने देश व राज्य में अमन एवं तरक्की की मांगी दुआ

- पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/अरवल**



इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के मौका पर गरीब और जरूरतमंद को दान एवं जरूरतमंद को जरूरत का सामान देकर ईद मिलादुन्नबी जोश खरोश से मनाया। पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए हुए बातों पर अमल करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मदरसा शमशुल उलूम से जुलूस निकलने से पूर्व एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें देश में अमन एवं तरक्की की दुआ मांगी गई। उस के बाद इस्लाम धर्म के मानने वाले भाइयों ने अपने अपने सर पर विभिन्न रंग का पगड़ी बांधे एवं सर पर टोपी पहन कर और हाथों में इस्लामी झंडा के साथ तिरंगा लेकर बुजुर्ग, बच्चे, नौजवान मुस्लिम धर्मगुरु आदि ने सरकार की आमद मरहबा के नारों के साथ जुलूस यात्रा प्रारंभ किया। सरकार की आमद मरहबा के नारों से शहर गूंजता रहा। कुरैशी मोहल्ला से होते हुए जुलूस यात्रा निकला और अरवल के विभिन्न मार्गों से होते हुए जुलूस ए मोहम्मदी में फरीदाबाद, कागजी मोहल्ला, मुस्लिमपट्टी, न्यू अरवल, अरवल सिपाह, वसीलपुर का जुलूस एक साथ मिलकर एक विशाल जुलूस बन कर शहर के विभिन्न जगह गुजरने लगा। कुछ समय के लिए प्रशासन के द्वारा मुख्य मार्ग के सभी गाड़ी को आवागमन बंद कर दिया गया। ताकि, जुलूस ए मोहम्मदी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उसके बाद जुलूस ए मोहम्मदी विभिन्न जगहों से होते हुए हजरत मखदूम शाह शमसुद्दीन रहमतुल्लाह अलेह के मजार पर वापस आ कर समाप्त हुआ। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बीती रातों में ही नौजवानों ने जिला के कुछ मस्जिद एवं मखदूम साहब के मजार तथा कुरैशी मोहल्ला, शाही मोहल्ला फरीदाबाद, न्यू अरवल व काजी मोहल्ला में झंडे पताखों, पोस्टर बैनर से आकर्षक ढंग से सजाया था। मदरसा शमशुल उलूम के अध्यक्ष एस एम मुजफ्फर आलम शाही, हाफिज मो. सद्दाम, शाह असगर हुसैन, हाफिज फैजान, हाफिज दानिश अख्तर, जमील अख्तर, हजरत मौलाना अरशद शमशी, हजरत मौलाना सुहैल, हाफिज बशीरुद्दीन, हाफिज मो. शबुद्दीन, मास्टर मो. शकील, मो. नेयाज शमशी, न्यू अरवल के मो. चांद, मो. कासिम, मो. शहजाद वगैरह शामिल थे।

### धूमधाम के साथ निकाली गई जुलूस ए मोहम्मदी

**जहानाबाद।** मरकजे अहले सुन्नत मदरसा फैजुलगुर्बा, गरेड़िया खण्ड, दारुल उलूम मोहम्मदिया ईदगाह, मदरसा यासीन उल कुर्आआन शेख आलम चक, दारुल उलूम जमाल ए हबीब जाफरगंज, मदरसा रजा ए मुस्तफा जाफरगंज के संयुक्त तत्वावधान में गरेड़िया खंड से जुलूस ए मोहम्मदी निकाली गई। जिसका नेतृत्व हजरत मौलाना आसीफ रजा नईमी, हाफिज अफरोज आलम फैजी वारसी, हजरत मौलाना अजहर खां हबीबी मिस्बाही, कारी शमशाद हुसैन रिजवी, हाफिज दानिश रजा फैजी, हाफिज व कारी रियाज अहमद कादरी संयुक्त रुप से कर रहे थे। जुलूस ए मोहम्मदी मोहल्ला गरेड़िया खण्ड से निकल कर अरवल मोड़, फिदा हुसैन रोड, मलहचक मोड़, कच्छी मस्जिद, सट्टी मोड़, खान बहादुर रोड, बिचली मुहल्ला, जामा मस्जिद, हास्पीटल मोड़ होते हुए अरवल मोड़ पहुंची। जहां सलात व सलाम के बाद देश, राज्य एवं जिला की खुशहाली एवं अमन की विशेष दुआ के साथ समाप्त हो गया। इस मौके पर अरवल मोड़ पर अंजुमन तरक्की ए उर्दू के सचिव प्रो. गुलाम अस्दक के द्वारा पेयजल का इंतेजाम किया गया था।

## शहर छोटी खबरें

### दस लिटर शराब बरामद, कारोबारी फरार



**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के उड़ियानगंज गांव से गुप्त सूचना पर दस लिटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। हालांकि इस दौरान शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी किया गया था। उन्होंने कहा कि तस्कर की पहचान कर ली गई है। उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

### जनरल बोगी से 109 बोतल विदेशी शराब बरामद

**बक्सर।** शनिवार की देर शाम विभूति एक्सप्रेस में जीआरपी ने शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर जनरल बोगी में छापेमारी की गई। जहां से 109 बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। हालांकि, पुलिस को तस्कर चकमा देकर भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि विभूति एक्सप्रेस जैसे ही बक्सर स्टेशन पर रूकी, तो जवानों ने छापेमारी किया। जहां पीछे के जनरल बोगी के एक सीट के नीचे से एक बैग बरामद किया गया था। जब यात्रियों से पूछताछ की गई, तो किसी ने उसे अपना नहीं कहा। जब बैग की तलाशी ली गई, तो बैग से विभिन्न कम्पनी के 109 बोतल शराब बरामद हुआ। अज्ञात तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### डुमरांव में आयोजित होगा मुफ्त चिकित्सा शिविर

**डुमरांव।** डुमरांव में न्यूरो मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए 13 अक्टूबर को एक शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर स्टेशन रोड स्थित निदान केन्द्र में आयोजित होगा। जिसमें बनारस के चर्चित न्यूरो चिकित्सक डा पंकज कुमार सिंह मरीजों की मुफ्त जांच व इलाज करेंगे। अस्पताल के संचालक अक्षय कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को पूरे दिन शिविर संचालित होगा। जिसमें आने वाले मरीजों की जांच कर उन्हें दवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में न्यूरों मरीजों की संख्या बहुत अधिक है। अधिकांश मरीज गरीब परिवार से आते है। इसे देखते हुए ही मुफ्त शिविर का आयोजन किया गया है।

# अध्यात्म : आयोद्धा लौटने के बाद धूमधाम से किया गया प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक

केटी न्यूज/बक्सर



- ₹प्रभु श्रीराम का राजतिलक व ब्रज की लठमार होली लीला₹ के मंचन के साथ संपन्न हुआ विजयादशमी महोत्सव संपन्न
- ब्रजवासी कलाकारों द्वारा ब्रज की लठमार होली देख रोमांचित हुए दर्शक

जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान में आयोजित 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव का समापन शनिवार की रात हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के राजतिलक प्रसंग के मंचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सचिव बैकुंठ नाथ शर्मा व संचालन समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश संगम ने की। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता ने किया। शनिवार को देर रात्रि मंचित कार्यक्रम में वृंदावन से पधारे श्री श्यामा श्याम ब्रज लीला संस्थान के स्वामी श्री नंदकिशोर रासाचार्य जी के निर्देशन में राजतिलक व ब्रज की लठमार होली मिलन लीला का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि भरत मिलाप के पश्चात अन्य भाइयों और नगर वासियों से मिलते हुए प्रभु श्री राम सर्वप्रथम कैकेई के महल में जाते हैं। जिसके बाद सभी भाई, उनकी पत्नियां और माताएं पूरे राज परिवार से मिलते हैं और गुरु वशिष्ट से अपने साथ आए मित्रों का परिचय कराते हैं। उसके बाद वशिष्ट जी मंत्री सुमंत को बुलाकर भगवान के राजतिलक की तैयारी करवाते हैं। इधर अवधपुरी सजने लगता है और राजतिलक की शोभा बढ़ाने हाथी, घोड़ा, ऊंट इत्यादि आते हैं और राजतिलक की तैयारी पूरी होने पर श्री राम को प्रथम तिलक गुरु वशिष्ठ द्वारा किया जाता है। उसके पश्चात सभी ब्राम्हण व अन्य भगवान को तिलक लगाते हैं। पुत्र को सिंहासन पर आसीन देख मातायें हर्षित होकर आरती उतारती है। "प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन्ह आयसु दीन्हा। सुत विलोकी हर्षित महतारी, बार-बार आरती उतारी"।।

प्रसंग मंचन से पूर्व भरत मिलाप की रात्रि जमुना चौक विभिन्न पूजा पंडालों एवं संस्थाओं द्वारा निकाले गए सर्वश्रेष्ठ लाग व झांकी को आर के ज्वेलर्स के सौजन्य से शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें "लाग" का प्रथम पुरस्कार उत्तरी चौमुहानी, ठठेरी बाजार को "रावण के सिर पर भोलेनाथ" शिर्षक के लिए दिया गया। वहीं झांकी में प्रथम पुरस्कार "वामनावतार" शिर्षक के लिए बंगाली टोला को दिया गया। झांकी में द्वितीय पुरस्कार 'माता का सच्चा दरबार में मुक्तिधाम' शिर्षक के लिए तुरहा टोली को एवं तृतीय पुरस्कार 'रावण अंगद संवाद' शिर्षक के लिए उत्तरी चोमोहनी ठठेरी बाजार को दिया गया। साथ ही, अन्य लोगों को भी संतावना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश संगम द्वारा इस वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा भी पढ़कर सुनाया गया।

कार्यक्रम में समिति के मंच प्रभारी कमलेश्वर तिवारी जी को सराहनीय योगदान के लिए लायंस क्लब आफ बक्सर द्वारा अंग वस्त्र व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। अंत में ब्रजवासी कलाकारों द्वारा ब्रज की लठमार होली खेली गई। इस प्रसंग को देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते है। इस दौरान समिति के सचिव बैकुंठ नाथ शर्मा, संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश संगम, मंच प्रभारी कमलेश्वर तिवारी, सह मंच प्रभारी उदय सर्राफ जोखन, सह सचिव राजकुमार गुप्ता, नारायण राय, सुशील मानसिंहका, करतार सिंह चौकी वाले, सुमित मानसिंहका, गुप्तेश्वर सर्राफ के साथ अन्य लोग भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कैथहर कला के मुखिया प्रतिनिधि ने आवास सहायक को दौड़ा -दौड़ा पीटा

## मारपीट के दौरान सरकारी कागजात फाड़ने, लोगों ने बचाई जान

केटी न्यूज/बक्सर



मारपीट की घटना के बाद विरोध जताते आवास सहायक

- सहायक ने लगाया अपहरण के प्रयास का आरोप
- पीड़ित ने सोने का चेन व रुपये छिनने का लगाया आरोप

जिले के राजपुर अंचल के कैथहर कला पंचायत के आवास सहायक के साथ मुखिया प्रतिनिधि तथा उसके लोगों ने मारपीट कर अपहरण के उदेश्य से अपने वाहन में बैठा लिया था। लेकिन आस पास के लोगों ने उसे वाहन से खींच एक कमरे में बंद कर उसकी जान बचाई। इस दौरान मुखिया, उसके पुत्रों तथा आधा दर्जन अज्ञात लोगों द्वारा उसके साथ जमकर मारपीट की गई। साथ ही, दैनिक भ्रमण पंजी, आधार कार्ड तथा सरकारी कागजात भी फाड़ दिया गया। पीड़ित आवास सहायक राहुल कुमार ने धनसोई थाने में दर्ज करवाए एफआईआर में बताया है कि वह राजपुर प्रखंड के देवढ़िया, तियरा एवं कैथहरकला पंचायत का आवास सहायक के पद पर कार्यरत है। शनिवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वह कैथहर कला पंचायत के मानिकपुर गांव में जियो टैंगिग कर गांव से बाहर निकल रहा था इसी दौरान पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपेन्द्र यादव, उनके पुत्रों मनीष यादव, सर्वजीत यादव तथा छोटा पुत्र के साथ वार्ड सात के वार्ड सदस्य खोरइठा निवासी राजेश बैठा पुत्र एवं पांच सात अज्ञात लोग वहां पहुंचे तथा उसके हाथ से दैनिक भ्रमण पंजी तथा सरकारी कागाजत के साथ आधार कार्ड छिनकर फाड़ दिया।

जिसके बाद वो लोग गाली देते हुए मारपीट करने लगे। जब पीड़ित ने उन लोगों का विरोध किया, तब उपेन्द्र यादव ने हथियार के बट से उसके माथा शरीर के कई अन्य जगहों पर प्रहार किया तथा गले से सोने का चेन छिन लिया। जबकि उसके पुत्र मनीष यादव ने पाकेट से नौ सौ रूपए निकाल लिए। जबकि उसके साथ आए अन्य लोगों ने लात घूसों से मारते हुए उसे उठाकर मुखिया की स्कार्पियों वाहन में डाल दिए। राहुल ने बताया है कि वह रोने चिल्लाने लगा। जिसके बाद आस पास के लोगों ने उन लोगों के चंगुल से छुड़ा उसे एक कमरे में बंद कर दिए। जिससे उसकी जान बची।

धनसोई थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, दूसरी तरफ इस घटना के विरोध में राजपुर प्रखंड मुख्यालय पर सभी आवास सहायकों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा बीडीओ इंदुबाला से आवास सहायकों की सुरक्षा की मांग की है। गौरतलब है कि इसके पहले भी उसी पंचायत के पूर्व आवास सहायक ने ऐसा ही आरोप मुखिया प्रतिनिधि पर लगाया था। इस संबंध में धनसोई थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने कहा कि आवेदन मिला है, मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर


### ठोरी पांडेयपुर हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न, लगे जयकारे



वार्षिकोत्सव पर सजा हनुमान मंदिर

**चौगाई।** चौगाई अंचल के ठोरी पांडेयपुर गांव के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शरद पूर्णिमा को मनाया गया। ग्रामीणों द्वारा इस मंदिर की स्थापना 1962 में की गई थी तथा प्रत्येक साल आश्विन पूर्णिमा को वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। इस बार भी पूजा समिति द्वारा धूम धाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार तथा हनुमानजी के जयकारे से इलाका गूंजायमान रहा। वार्षिक पूजा को ले हनुमान मंदिर को धूम धाम से सजाया गया था। वैदिक विद्वान पंडित अंकुश उपाध्याय एवं मंदिर समिति के अग्रणी धर्मदेव पांडेय के नेतृत्व में संपन्न इस पूजा में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। वही इस संबंध में जानकारी देते हुए धर्मदेव पांडेय ने बताया कि हनुमान जी भक्तों के सभी संकटो को दूर करते है तथा उनकी मनोकामना भी पूरी करते है। जिस कारण ग्रामीणों लगाव इस मंदिर के प्रति स्वतः ही रहता है। विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा तथा हवन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भक्त उपस्थित थे।

### दस वर्षों से चले आ रहे हिस्सेदारी के विवाद को सरपंच ने सुलझाया



ग्राम कचहरी की बैठक में उपस्थित सरपंच व अन्य

**नावानगर।** ग्राम कचहरी यदि सक्रिय हो तथा धरातल पर सही फैसले ले तो जमीन विवाद के कई मामले न सिर्फ चुटकियों में सुलझ सकते है बल्कि न्यायालय पर भी मामलों का बोझ कम हो जाएगा। इससे टकराव भी घटेंगे तथा भाइचारा की भावना भी बढ़ेगी। रविवार को एक ऐसा ही अनोखा मामला नावानगर प्रखंड के नरहनडीह गांव में देखने को मिला। जब ग्राम कचहरी ने तीन हिस्सेदारों के बीच दस साल से चले आ रहे जमीन व रास्ते के विवाद को सलटा तीन पक्षों को हंसी-खुशी उनके घर भेजा। इस फैसले के बाद गांव में सरपंच पवन सिंह की तारीफ हो रही है। जानकारी के अनुसार गांव के केदार चौधरी, सुरेश चौधरी एवं यमुना चौधरी के बीच रास्ता एवं हिस्सेदारी की जमीन को लेकर पिछले 10 वर्षों से विवाद चल रहा था। कई बार तीनों में मारपीट की नौबत भी आ चुकी थी। लेकिन जब इसकी ग्राम कचहरी के पास पहुंची, तो सरपंच के नेतृत्व में पंचों ने तीनों पक्षों को बुलवा उनकी दलीलो को सुन सही फैसला सुना दिया। इसके पहले अमीन बहाल कर मापी भी कर्रवाई गई। सरपंच द्वारा दिए गए निर्णय से तीनों पक्ष संतुष्ट थे। सरपंच पवन सिंह ने बताया कि फैसले से तीनों पक्ष संतुष्ट थे, जिसमें भविष्य में विवाद नहीं करने तथा अपने हिस्सें पर दखल करने का आश्वासन भी ग्राम कचहरी को दिए है। उन्होंने बताया कि जमीनी विवाद सुलझाने के दौरान तनाव नहीं हो इसके लिए सिकरौल पुलिस बल की सहायता लिया गया था। मौके पर उपसरपंच रामानुज, जदयू नेता मुन्ना चौधरी, अशोक प्रसाद, वार्ड सदस्य राजू कुमार साहनी, सुनील कुमार राय, राजू यादव, सोनू सिंह, विकास यादव, हरेंद्र चौधरी, मोनू मिश्र समेत कई अन्य ग्रामीण थे।

# भागवत से बड़ा कोई ग्रंथ नहीं, सुनने वाले को मिलता है मोक्ष : मिथिलेश पाठक

## नेनुआ में आयोजित भागवत कथा ज्ञान सप्ताह संपन्न, लाखों ने ग्रहण किया प्रसाद

केटी न्यूज/डुमरांव



ज्ञान और मोक्ष प्राप्ति के लिए भागवत से बड़ा कोई ग्रंथ नहीं है। प्रत्येक घर में इसका नियमित पाठ होना चाहिए। उक्त बातें जिले के चर्चित समाजसेवी मिथिलेश पाठक ने कही। वे डुमरांव प्रखंड के नेनुआ गांव के रामबउरा बाबा मंदिर स्थल पर चल रहे भागवत ज्ञान कथा सप्ताह यज्ञ के पूर्णाहूति पर यज्ञ आयोजन समिति के बुलावे पर आए थे। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सबको सुनना चाहिए। इसके पहले उन्होंन नेनुआ के चर्चित रामबउरा बाबा के दर्शन व पूजन किए तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर प्रसाद ग्रहण भी किए। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं को एक मंत्र पर लाने तथा उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए वे संकल्पित है। यही कारण है कि वे गांव-गांव घुम लोगों को अपना उदेश्य समझा रहे है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के बारे में भी जानकारी दी। गौरतलब है कि नेनुआ गांव में हर साल रामबउरा बाबा का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है तथा इस मौके पर यज्ञ का आयोजन होता है। शनिवार को ही श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का पुणाहूति सह भंडारा के साथ आज यज्ञ का समापन हुआ। कथा वाचक कन्हैया जी उपाध्याय एवं उमेश ओझा ने एक सप्ताह तक भागवत महापुराण की कथा वाचन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। डुमरांव के न्यूरो फिजिसियन डॉ ए के मिश्र भी इस यज्ञ में यजमान बने थे। इस यज्ञ के आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ था। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं गांव के सभी प्रबुद्ध गणमान्य लोग उपस्थित थे। यज्ञ समिति में सुनील पाठक, जितेंद्र तिवारी, उपेन्द्र पाठक, नर्वदेश्वर पाठक, विजय पाठक, पुष्पेंद्र तिवारी, गिरीश पाण्डेय, छोटे तिवारी, त्रिवेणी तिवारी, अनिल कुमार, चन्द्रशेखर तिवारी, शशिभूषण तिवारी आदि मौजूद थे।

# इद मिलाद उल नबी पर निकाली जुलूस ए-मोहम्मदी, दिया भाईचारे का संदेश

**इस्लाम के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जयंती पर मनाया जाता है इद मिलाद उल नबी**

केटी न्यूज/बक्सर टीम



जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोग

इस्लाम के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की जयंती रविवार को ़इद मिलाद उल नबी़ के रूप में मनाई गई। इस मौके पर नुरे इस्लाम कमिटि तकिया मोहल्ला डुमरांव के नेतृत्व में जुलुस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जो शाही जमा मस्जिद के अहाते से शुरू हो लाला टोली रोड, शक्ति द्वार रोड, बंधन पटवा रोड, गौशाला रोड, चौक रोड, राजगोला रोड, स्टेशन रोड होते हुए पुनः तकिया मोहल्ला स्थित शाही जमा मस्जिद के अहाते में पहुंच संपन्न हो गया। इसके बाद मस्जिद के मैदान में दुनिया में अमन व शांति के पैगाम के लिए इजमाही दुआ (सार्वजनिक दुआ) का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता शाही जमा मस्जिद के इमाम गुल्फिकार राही थे। इस दौरान शहर के सभी मस्जिदों के इमाम शामिल हुए। इससे पहले जुलूस-ए-मोहम्मदी में नुरे इस्लाम कमिटि तकिया मोहल्ला के साथ ही काफिला पैजाने इस्लाम कमिटि, लालगंज कड़वी मस्जिद कमिटि, गुलाब मस्जिद कमिटि पकड़ी मोहल्ला, गौशाला रोड मस्जिद कमिटि तथा चिकटोली मस्जिद कमिटि से जुड़े हजारों लोग शामिल हुए। जुलूस में शामिल लोग अमन व शांति के संदेश दे रहे थे। जिसका नेतृत्व हाफिज अंसार रजा, हाफिज काजी गुफरान उल्ला, हाजी शौकत अली, हाजी बरकत अली, समीर हाशमी, मो अंसारी, अल्ताफ हुसैन, मो भोली, शहजाद अली, मंजूर आलम, मो इम्तियाज, मो फिरोज, नेयाज अहमद, शोहराब कुरैशी, इरशाद कुरैशी सरीखे लोग कर रहे थे। जबकि जुलूश में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

### परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है टेम्पो चालक



टेम्पो के पीछे लदी सवारियां

**डुमरांव।** अनुमंडल की सड़कों पर फरार्टे भरने वाले टेम्पो, जीप तथा अन्य यात्री वाहनों के चालक परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। हम बात कर रहे है यात्री वाहन पर क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने की। पहले तो सिर्फ बस तथा जीप जैसे यात्री वाहनों पर ऐसा नजारा दिखता था। लेकिन अब तो टेम्पो चालक भी सीट से अधिक सवारियों को बैठाने लगे है। सबसे खतरनाक स्थिति टेम्पों के पीछे लदकर बैठी सवारियों के बैठकर सफर को लेकर है। जरा सी असावधानी या सड़क पर अचानक आए किसी बड़े ठोकर की वजह से भी टेम्पो के पीछे बैठी सवारियां गिरकर जख्मी हो सकती है। तिपहिया वाहन होने के चलते टेम्पो के पलटने का खतरा भी सबसे अधिक रहता है। बावजूद टेम्पो चालक ऐसे ओवरलोड परिचालन से बाज नहीं आ रहे है। जिससे किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ताज्जूब तो इस बात की भी होती है कि टेम्पो चालकों की इस मनमानी पर स्थानीय पुलिस तथा प्रशासन भी मौन साधे हुए है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। जानकारों की मानें तो परिवहन नियमों का पालन कराने से अधिक पुलिस का ध्यान वाहन चालकों से वसूली पर रहता है। जिससे टेम्पो तथा अन्य यात्री वाहनों के चालक बेखौफ हो यात्रियों की जान जोखिम में

# स्वच्छता सर्वेक्षण में चार पायदान लुढ़का डुमरांव नगर परिषद

- प्रति माह लाखों रुपये खर्च और करोड़ों का संसाधन भी शहर की सूरत बदलने में फेल

केटी न्यूज/डुमरांव



डुमरी पथ पर डंप कीया गया कचरा

सरकार द्वारा कराए गए स्वच्छता सर्वेक्षण में एक बार फिर से डुमरांव नगर परिषद पूरे बिहार में छठवें स्थान पर चिन्हित किया गया है। इससे पांच वर्ष पूर्व डुमरांव शहर को स्वच्छता मामले में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। तब ख्वाब पहले पायदान की देखा जाता था। इस शानदार उपलब्धि को बचाकर रखने में डुमरांव नगर परिषद फेल साबित हुआ है। वह भी तब जबकि 5 वर्ष पूर्व की अपेक्षा सफाई के लिए एनजीओ को तीन गुना अधिक की रकम प्रतिमाह दी जा रही है। करोड़ों का संसाधन नगर परिषद के पास उपलब्ध हो गया है। कार्यालय के कर्मियों द्वारा ही दबे स्वर से यह बात कही जा रही है कि एनजीओ के साथ कमीशन बाजी के खेल ने सफाई व्यवस्था को पूरी तरह चौपट करके रख दिया है।

नप क्षेत्र में सफाई की बदहाल व्यवस्था का अंदाजा सिर्फ इस बात से लगाया जा सकता है कि वार्ड संख्या 25 के निवर्तमान पार्षद हरिशंकर प्रसाद का कहना है कि एनजीओ द्वारा उनके वार्ड में बिना सफाई किए ही पैसे की निकासी अवैध रुप से की जा रही है। शहर में ऐसे कई वार्ड हैं, जहां नियमित रूप से कूड़ा का उठाव नहीं हो रहा है। विस्तारित क्षेत्र नया भोजपुर तथा पुराना भोजपुर में सफाई के नाम पर मोटी रकम की निकासी हो रही है। वहां की जनता इस बात का गवाह है कि डोर टू डोर का उठाव तथा नाली व गलियों की सफाई नहीं हो रही है। टेक्सटाइल कॉलोनी के उपेंद्र राय का कहना है कि कॉलोनी में झाडू से गलियों की सफाई और नाली की सफाई नहीं होती है। सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए मूल्य के संसाधन खरीदने मैं हुई व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी का मामला जांच के अधीन है।

**डंपिंग जोन नहीं होने के कारण गिरा पायदानः** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि सेंट्रल नाला का अतिक्रमण के चलते पानी का बहाव नहीं होना तथा शहर में कूड़ा डंपिंग जोन नहीं होने से सरकार द्वारा कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण में डुमरांव नगर परिषद छठवें नंबर पर आया है। हमारी कोशिश है कि अगले सर्वेक्षण में डुमराव नगर परिषद बेहतर मुकाम हासिल कर सके।

## शहर छोटी खबरें

### एलटी तार की चपेट में आने से मजदूर मौत

**बलिया।** बैरिया बाजार के खाकी बाबा पोखरे के समीप शनिवार की शाम निजी मकान निमार्णाधीन मकान में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। सूत्रों की मानें तो मजदूर रेवती नगर पंचायत के वार्ड नम्बर छह निवासी 45 वर्षीय त्रिभुवन वर्मा के घर की बांस की बल्ली बना कर शटरिंग खोलने का कार्य कर रहा था। उनके साथ ही अन्य मजदूर काम पर लग गए। मजदूर मौके पर शटरिंग खोल रहे थे। निमार्णाधीन भवन के ऊपर से ही 11 हजार का तार गुजर रहा है। इसी दौरान शटरिंग में लगा हरा बांस झुककर बिजली के तार पर जा गिरा। आनन-फानन में पीड़ित को मालिक व सहयोगी अस्पातल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची बैरिया पुलिस ने कागती कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### टेंपो की टक्कर में एक की मौत, सात घायल

**बलिया।** शनिवार की देर शाम को ब्यासी पुल के पास दो ऑटो में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि कई लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें से चिकित्सकों ने दो की स्थिति गंभीर बताते हुए भर्ती कर दिया। बताया जाता है कि दो ऑटो की आमने-सामने टक्कर होने के बाद एक ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटा। घायल दीपक ठाकुर निवासी गंगौली बिहार और शैल कुमारी निवासी राजापुर बेनी लाल के डेरा बिहार ने बताया कि उनके साथ कई लोग घायल हैं।

### करंट लगने से मिस्त्री की गई जान

**बलिया।** शनिवार को मकान में वायरिंग कर रंग रहे मिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। घटना शहर कोतवाली अंतर्गत आनंद नगर में हुई। मऊ के रहने वाले गजेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र प्रसाद सिंह अपना मकान बना कर रहते हैं। मकान में विजय वर्मा 47 पुत्र स्व. रामजन्म वर्मा निवासी कपूरी वायरिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। मकान मालिक उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**गाजीपुर।** रविवार की सुबह नौ बजे सुहवल थाना क्षेत्र के ढढनी में चाय की दुकान पर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद नाराज अधेड ने एक युवक पर हमला कर दिया। युवक पर चाकू से कई वार हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस और परिजन गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले गए और भर्ती कराया। पुलिस की मानें तो ढढनी रणवीर राय निवासी अजय राय पर विवाद के बाद छुरे से हमला

# 'पोस्ट फॉर प्लेनेट' की थीम पर इस बार बनाया जा रहा अंतरराष्ट्रीय डाक दिवस

- पंडित दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत छात्रवृत्ति परीक्षा 2022- 23 का किया गया आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया**




प्रभात फेरी में शामिल डाक अधिकारी व कर्मी

विश्व डाक दिवस के अवसर रविवार को बलिया डाक मंडल के अधीक्षक डाकघर संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। जो बलिया प्रधान डाकघर से प्रारंभ होकर टीडी कॉलेज चौराहा, कुंवर सिंह चौराहा, एनसीसी चौराहा, रेलवे स्टेशन आदि मार्गो से होते हुए पुनः प्रधान डाकघर बलिया के प्रांगण में समंप हुई जिसमे बलिया मंडल के सैकड़ों डाक कर्मी शामिल रहे। इस अवसर पर पंडित दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत छात्रवृत्ति परीक्षा 2022- 23 का आयोजन किया गया। इस दौरान संजय त्रिपाठी ने बताया कि डाक विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में से एक है, जो कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक ऐसा संगठन है, जो न केवल देश के भीतर बल्कि देश की सीमाओं से बाहर अन्य देशों तक पहुंचने में भी हमारी मदद करता है। पूरे विश्व में 9 अक्टूबर को 'अंतरराष्ट्रीय डाक दिवस' मनाया जाता है। इस बार इसकी थीम 'पोस्ट फॉर प्लेनेट' है। इस अवसर पर डाक निरीक्षक श्री अंगद यादव,श्री रविंदर साह, पोस्टमास्टर श्री अबुल कलाम, उदय नारायण यादव, अमरनाथ गिरी,गिरीश तिवारी, संतोष सिंह , उज्ज्वल,सागर , राकेश सिंह, सुधीर यादव, रविशंकर कुमार, समेत बलिया मंडल के सैकड़ों डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इसलिए मनाया जाता है विश्व डाक दिवसः** अधीक्षक डाकघर संजय त्रिपाठी ने बताया कि विश्व डाक दिवस का उद्देश्य विश्व भर में लोगों के दैनिक जीवन, व्यापार और सामाजिक तथा आर्थिक विकास में डाक की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। 'एक विश्व-एक डाक प्रणाली' की अवधारणा को साकार करने हेतु 9 अक्टूबर, 1874 को 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' की स्थापना बर्न, स्विटजरलैण्ड में की गई, जिससे विश्व भर में एक समान डाक व्यवस्था लागू हो सके। भारत प्रथम एशियाई राष्ट्र था, जो कि 1 जुलाई 1876 को इसका सदस्य बना। कालांतर में वर्ष 1969 में टोकियो, जापान में सम्पन्न यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन कांग्रेस में इस स्थापना दिवस को 'विश्व डाक दिवस' के रूप में मनाने हेतु घोषित किया गया।

**विभिन्न कार्यक्रम का होगा आयोजन :** भारतीय डाक विभाग द्वारा दिनांक 09 से 13 अक्टूबर 2022 तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा। इस क्रम प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जैसे 9 को विश्व डाक दिवस, 10 को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस, 11 को फिलेटली दिवस, 12 को मेल दिवस एवं 13 को अंत्योदय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी ने वर्तमान परिवेश में डाक विभाग एवं उसकी सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 1 से 31अक्टूबर तक डाक विभाग द्वारा स्टांप डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# आईएएस व आईपीएस से धोखाधड़ी करने वाले उपेंद्र को पकड़ने के लिए बढ़ी पुलिस की दबिश

## कोर्ट के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुनादी कराने के बाद चस्पा किया नोटिस

- 83 की कार्रवाई के तहत संपत्तियों की कुर्की की जाएगी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

प्रदेश में रिटायर्ड आईएएस समेत कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से धोखाधड़ी करने वाले गोड़ऊर निवासी उपेंद्र राय के खिलाफ कोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस की दबिशें जारी हैं। रविवार को उपेंद्र राय की धरपकड़ में जुटी पुलिस ने 82 की कार्रवाई शुरू की। कोर्ट के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुनादी कराने के बाद नोटिस चस्पा किया है। एक महीने की समयावधि में कोर्ट में पेश नहीं होने पर संपत्तियों की कुर्की शुरू की जाएगी। सीओ मुहम्मदाबाद श्यामबहादुर सिंह ने बताया कि करीमुद्दीनपुर थाने में मुंबई निवासी कारोबारी राहुल शर्मा ने पिछले दिनों गोड़ऊर निवासी उपेंद्र राय के अलावा उसकी पत्नी मयूरी राय, पिता प्रदीप राय और साली सृष्टि राय के खिलाफ केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों की सप्लाई का काम दिलाने के एवज में 52 लाख रुपये की ठगी की थी। कमल कोच प्राइवेट लिमिटेड का फर्जी डायरेक्टर बनकर चिट्ठी भी जारी कर दिया। इससे पहले साली सृष्टि राय की गिरफ्तारी हो गई और पिता प्रदीप राय भी सलाखों के पीछे पहुंच गया है। उपेंद्र राय, उनकी पत्नी और उनकी मां के खिलाफ तलाश पुलिस ने तेज कर दी है लेकिन पता नहीं चलने पर 82 की कार्रवाई की गई। उपेंद्र राय के गांव में मुनादी कराने के साथ ही नोटिस चस्पा किया गया।



आरोपित के घर पर इश्तेहार चस्पा करती पुलिस

**तय समयावधि में नहीं आने पर भगोड़ा होने की होगी कार्रवाई :** इस समयावधि में नहीं आने पर 83 की कार्रवाई के तहत संपत्तियों की कुर्की की जाएगी। इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ इनाम घोषित करने और भगोड़ा होने का आदेश भी जारी कराने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीओ के अनुसार इन सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू वारंट जारी कर रखे हैं और सभी फरार हैं। गाजीपुर समेत इन आरोपितों के खिलाफ लखनऊ के गोमतीनगर थाने में भी इन पर मुकदमा दर्ज है।

**पिता और साली की जमानत रोक चुका कोर्टः** गाजीपुर में पुलिस ने उपेंद्र, उसकी पत्नी और साली के खिलाफ कूट रचित दस्तावेज तैयार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। एडीजे कोर्ट पिछले दिनों एनबीडब्ल्यू जारी करने के बाद गिरफ्तार होकर आई उपेंद्र राय की साली सृष्टि राय की जमानत खारिज कर चुकी है। उसकी न्यायिक रिमांड बढ़ाते हुए तल्ख टिप्पणी की थी। वहीं उपेंद्र के पिता और आरोपी प्रदीप राय को 27 सिंतबर को पुलिस ने बिहार के बक्सर जिले के करहसीं में दबिश देकर दबोच लिया था। बिहार से दिल्ली भागने की फिराक में था। सीजेएम कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

## एक नजर

### मुलायम सिंह के समर्थक की कठिन तपस्या, हर दिन दो किमी दंडवत का संकल्प



**वराणसी।** सपा संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के समर्थक ने उनकी सेहत के सुधार के लिए कठित तप शुरू किया है। मुलायम सिंह यादव जल्द स्वस्थ्य होकर ठीक हो जाएं, इसके लिए वाराणसी के एक समर्थक ने हर दिन दो किलोमीटर दंडवत करने का संकल्प लिया है। इसकी शुरूआत उसने बीते शनिवार से की है। सपा नेता अजय फौजी ने सीर गोवर्धन स्थित अपने घर से हनुमान मंदिर, दो किमी तक दंडवत यात्रा की। उसने मंदिर में हनुमानजी, शिवजी और चौरा माता की पूजा अर्चना कर मुलायम सिंह यादव के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। समाजवादी पार्टी के संस्?थापक और पूर्व मुख?यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तबीयत में लगातार आठवें दिन सुधार नहीं दिख रहा है। अस्?पताल से मिली जानकारी के अनुसार उन्?हें आईसीयू में रखा गया है जहां उन्?हें जीवन रक्षक दवाएं दी जा रही हैं। उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई है। मुलायम सिंह को तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्?पताल में भर्ती कराया गया था। उधर, मुलायम की सेहत के लिए अलग-अलग जगहों पर जाप, अनुष्ठान और प्रार्थना की जा रही है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह के स्वास्थ्य को लेकर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह, भानु यादव, मधुप यादव ने पूजा अर्चना की। वहीं, प्रसपा की संगीता यादव ने महामृत्युंजय जाप करवाया। प्रसपा महासचिव हरिशंकर यादव ने मिजार्पुर आशियाना में भंडारे का आयोजन किया।

### दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 1,600 सत्य व 800 मीटर में अंकित बने चैंपियन

**बलिया।** गड़वार क्षेत्र के बरवां गांव में रविवार को जोश प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में धावकों ने जीत के लिए दमखम दिखाते हुए उम्दा प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में 150 धावकों ने क्रमशः 400, 800 व 1600 मीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। 1600मीटर दौड़ में सत्या सिंघम, 800 मीटर दौड़ में अंकित वर्मा व 400 मीटर दौड़ में अभय यादव प्रथम स्थान पर रहे। तीनों विजयी धावकों को 12 अक्टूबर को बरवां गांव में श्री दुधेश्वर नाथ मंदिर पर लगने वाले मेले में समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन मंडल में मनोज शाह, मनोज चौहान, सुभाष चौहान, राम बहादुर यादव, स्वामीनाथ यादव, रोशन वर्मा, मुन्ना गोंड, सुनील यादव, अजय सिंह आदि रहे।

### युवक का मिला शव मचा हडकंप

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के शिवदासपुर-लहरतारा मार्ग पर 25 वर्षीय सोनू पुत्र स्व. मेहताब आलम निवासी शिवदासपुर का शव मिला। रविवार सुबह लहरतारा-मार्ग पर एक हॉस्पिटल के सीढ़ी पर लोगों ने युवक का शव देख पुलिस को सूचना दी। लहरतारा चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने मृतक के शव की शिनाख्त करवाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक नशे का आदतन था और मिर्गी रोग से ग्रस्त था। लोगों से मांग कर जीवनयापन करता था। लहरतारा चौकी प्रभारी ने बताया कि उसकी मां तुलसी देवी किसी मामले में जेल में है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सपाइयों ने पार्टी कार्यालय पर मनाई गई महर्षि बाल्मीकि की जयंती

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में सपाइयों ने पार्टी कार्यालय समता भवन पर महर्षि बाल्मीकि की जयंती मनाई गई। पार्टी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सत्य और सदाचार को अपनाने का संकल्प लिया। सपा जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि जी का व्यक्तित्व अत्यंत विराट था। उन्होंने अपनी रचनाओं से मयार्दा, सत्य, प्रेम, मित्रत्व व सेवक के धर्म को परिभाषित किया। उनके द्वारा दी गयी शिक्षा और आदर्शों को अपनाकर प्रगतिशील और समरसता युक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में अशोक कुमार बिंद,जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, चन्द्रिका यादव, राधेश्याम यादव, रामाशीष यादव, सुग्गु यादव, कृष्णानंद यादव, राधेश्याम सिंह यादव, लड्डुन खां आदि उपस्थित था। संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

# चेन पुलिंग की घटनाओं को रोकने लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

### जल्द होगी आरपीएफ पोस्ट पर महिला आरक्षियों की भी तैनाती

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक करते वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त

दानापुर के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रकाश कुमार पांडा ने आरपीएफ थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, अभिलेख व सीसीटीवी कैमरा का गहन जांच की। इसके बाद स्टेशन परिसर के अलावा रेल यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षा में सतर्कता बरतने का मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। सुरक्षा आयुक्त पीके पांडा सबसे पहले आरपीएफ बैरक परिसर में पहुंचकर पौधरोपण किया। पुलिस की बैरक में बुनयादी सुविधाओं को भी बढ़ाए जाने का आश्वासन दिया। स्टेशन, बैरक, सरकुलेटिंग एरिया का निरीक्षण कर रेलवे के वाहन स्टैंड को देखा। वाहनों का रेट लिस्ट की सूची चस्पा करने का निर्देश दिया। वरीय सुरक्षा आयुक्त श्रीप्रकाश पांडा ने बताया की पटना- डीडीयू मेन रेल खंड पर चेन पुलिंग की घटनाओं को रोकने और अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने के लिए स्कूल व कॉलेजों व गांवों में आरपीएफ जागरूकता अभियान चलाएगा। सुरक्षा आयुक्त पीके पांडा ने कहा कि रेलवे स्टेशन में आरपीएफ ने यात्रियों के बीच यात्री सुरक्षा लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए। स्टेशन के प्लेटफॉर्मस पर संयात्रियों को जागरूक किया जाएगा। लोगों को बताया जाएगा कि कभी कभी कुछ गिरोह स्टेशन में बच्चा चुराने की फिराक में रहते हैं। ऐसे लोग बेवजह यात्रियों से संपर्क बढ़ाएंगे और फिर लोगों को रिझा कर खाने पीने की वस्तु देंगे। इसके बाद बच्चे को गायब करने की फिराक में रहेंगे।मंडल से गुजरने वाली 80 ट्रेनों में एस्कॉर्ट पार्टी चल रही है, जल्द ही आरपीएफ पोस्ट पर महिला आरक्षियों की भी तैनाती होगी। ट्रेनों में यात्रा के दौरान यात्रियों को असुविधा होने पर तत्काल आरपीएफ को सूचना दी जाए। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रभारी बाल गंगाधर, उप निरीक्षक राजीव कुमार, नवीन कुमार आदि आरपीएफ कर्मी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पूर्व जयप्रभा सेतु पर लोडेड कट्टा सहित अपराधी गिरफ्तार



- जांच में जुटी पुलिस सख्ती के बाद भी कैसे पहुंचा अपराधी

**केटी न्यूज/बलिया**

बिहार की सीमा में स्थित सिताबदियारा के लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गांव लाला टोला में जेपी ट्रस्ट पर शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आने का कार्यक्रम था। इससे कुछ ही घंटे पहले जनपद की तरफ से एक बाइक पर दो बदमाश बिहार की तरफ जयप्रभा सेतु से जा रहे थें। सेतु से सटे चेकपोस्ट पर मांझी थाना पुलिस ने लोडेड कट्टा के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस दौरान गिरफ्तार युवक के साथ बाइक पर सवार एक अन्य युवक झांसा देकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक रिविलगंज थाना क्षेत्र के गरीबा टोला निवासी महेश यादव का पुत्र निराला कुमार बताया जाता है। पुलिस गिरफ्तार कर अपराधी से पूछताछ कर रही हैं। साथ ही उसका आपराधिक इतिहास खंगाल रही हैं। इसके बाद, बिहार पुलिस तथा सीआईडी की टीम ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर और अधिक चौकसी बढ़ा दी थी। इस बात की भी खूब चर्चा है कि आखिर यूपी पुलिस की इतनी चौकसी के बावजूद लोडेड कट्टे के साथ यह दो बदमाश कैसे बिहार की सीमा में पहुंचे।

# सरकार के दावे हवा-हवाई, धरातल पर कुछ नहीं दिखता : नजमा

- एडवोकेट नजमा ने रविवार को कार्यकताओं को चुनाव में जीत का दिया गुरु मंत्र
- पार्टी ने जीत के लिए तैयार किया मास्टर प्लान : शमीम खान

**केटी न्यूज/बलिया**



बलिया स्टेशन पर एडवोकेट नजमा का स्वागत करते कार्यकर्ता

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट नजमा फातमा का बलिया पहुंचने पर कार्यकताओं ने बड़ी ही गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया, बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब जिंदाबाद और शौकत अली साहब जिंदाबाद के नारों से बलिया गूंज उठा। नगर निकाय चुनाव से पूर्व समीक्षा बैठक में उन्होंने पार्टी के कार्यकताओं को चुनाव में कैसे जीत दर्ज की जाए इसके लिए गुरु मंत्र दिया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है महिलाओं के प्रति घटनाएं बढ़ गई है। भाजपा के कार्यकाल में अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। जब सरकार बनी थी, तब उन्होंने कहा था कि हम गड्ढा मुक्त सड़क कर देंगे। लेकिन पूरे उत्तर प्रदेश की सड़कें गड्ढा युक्त हो चुकी हैं। भ्रष्टाचार सिस्टम का हिस्सा बन चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने कुछ नहीं किया। नजमा फातमा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में हमारी पार्टी इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच में उतरेगी पूरी उम्मीद है कि जनता हमारा साथ देगी। उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि हमारे नेता बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब और प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली साहब ने नगर निकाय चुनाव के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है,जिसका असर पूरे उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है,बड़ी तादाद में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं,जिस तरह से जनता का समर्थन पार्टी को मिल रहा है उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश में पार्टी को बड़ी कामयाबी मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्वांचल के सचिव कालिका प्रसाद, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, प्रमुख जिला महासचिव महताब आलम, जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद व शकील अहमद, जिला अध्यक्ष महिला विंग साहनी खातून, जिला महासचिव रसीदा खातून, नगर अध्यक्ष बुशरा परवीन, महासचिव नगमा परवीन, शहबाज अहमद, खुर्शीद आलम, औरंगजेब खान, सदरूद्दीन अहमद, असलम खान, वीरन खान, राम कुमार राजभर, छोटा राजभर, त्रिभुवन राम, महबूब आलम, सफी खान, इम्तियाज अहमद, अशफाक अहमद, दौलत खान, मुदस्सीर अंसारी, फरीद अहमद मुराद, सनाउल्लाह खान, वकील अहमद, नसीम अहमद, सिराज अहमद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### नकली सोना बेचने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जिले में नकली सोना बेच कर लोगों से जालसाजी करने वाले तीन शातिर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये ठगने के लिए प्रयोग मे लाये गये पीली धातु व नकली नोट को असली बताकर धोखाधड़ी करते थे। गिरफ्तार जालसाजों के पास से असलहा व कारतूस भी बरामद किया गया है। सादात थाना पुलिस और स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर समता डिग्री कालेज के पास रेलवे क्रासिंग से धुरपति बिन्द, लौटू राम और रामधारी राजभर को गिरफ्तार किया गया।